Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to make an alarming mechanisim to detect the elephants so that the distruction caused by them can be avoided.

श्री संजय सेठ (राँची): माननीय अध्यक्ष महोदय, झारखंड में अब हाथी मेरे साथी नहीं रहे । हाथी तो अब इंसान के दुश्मन बन गए हैं । ये मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में सिल्ली, सोनाहातू, राहे, ईचागढ़ में मिड-डे मील खाए जा रहे हैं । स्कूल की खिड़की तोड़कर खा रहे हैं, खेत-खलिहान को रौंद दे रहे हैं, फसल बर्बाद कर रहे हैं, खड़ी फसल खा जा रहे हैं । अब जरूरत इस बात की है कि हाथी के उत्पात से पूरे क्षेत्र में जो दहशत हो रही है, उसके लिए कोई ऐसी प्रणाली निकले कि जो हाथी और मनुष्य में संघर्ष चल रहा है, कोई ऐसी प्रणाली हो कि हाथी आए तो कोई मैसेज आ जाए, कोई इस तरह की चेतावनी आ जाए कि हाथी आने के पहले गांव वाले, खलिहान वाले सचेत हो जाएं क्योंकि हाथी आज की तारीख में झारखंड में और विशेषकर मेरे लोक सभा क्षेत्र रांची में बहुत ज्यादा उत्पात मचा रहे हैं । स्कूल, खिड़की सब तबाह कर रहे हैं । इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि सरकार कोई सचेत प्रणाली इस संबंध में बना दे । धन्यवाद ।